## खबर संक्षेप

### जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जन भागीदारी से किया जा रहा कार्य

**शहडोल** । पानी आप बचाओ, पानी आपको बचाएगा सरकार और समाज दोनों को मिलकर जल के महत्व को समझना चाहिए और इसे बचाने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। जल जीवन का अभिन्न अंग है, और इसके बिना न तो कृषि संभव है, न ही उद्योग, और न ही हमारी दैनिक आवश्यकताएँ पूरी हो सकती हैं। अतः जल का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गोहपारू जनपद पंचायत ग्राम पंचायत हर्री में नवीन खेत तालाब निर्माण के कार्य किए गए।

### भगवान बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**शहडोल**। पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के विधि एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर गीता सराफ ने की। अपने उद्बोधन में प्रो. गीता सराफ ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे साहस और शौर्य के प्रतीक, आदिवासी पुनरुत्थान के जनक तथा मुंडा जनजाति के लोकनायक थे। 19 वीं शताब्दी में उन्होंने अंग्रेजी दमनकारी नीतियों और मिशनरी गतिविधियों के विरुद्ध आंदोलन किया। छोटा नागपुर क्षेत्र में जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा हेतु उनका संघर्ष आज भी प्रासंगिक है। इसी कारण उन्हें आदिवासी समाज में भगवान का दर्जा प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन दया शंकर तिवारी द्वारा किया गया तथा आभार ज्ञापन अम्बिकेश नामदेव ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं, संकाय सदस्य एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नागरिकों के लिए आफत बना सीवर लाइन का काम

# कछुआ चाल से हो रहा सीवर लाईन निर्माण कार्य

#### अवधि पूर्ण, काम का नहीं दिख रहा ओर-छोर

**शहडोल**। संभागीय मुख्यालय की नगर पालिका अंतर्गत कुल 225 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया जाना था। ठेका कंपनी ने अबतक वार्ड की सडक्रो पर ही लाइन बिछाई है। करीब 175 किमी लाइन ही पूर्ण किया गया है। जानकार सूत्र बतलाते है कि अभी लगभग 50 किमी लाइन का काम बाकी है। जिसमें मार्केट एरिया और मेन स्टेशन रोड है। शहर के मार्केट एरिया में अभी सीवर लाइन बिछाने का कार्य बाकी है। विभागीय जानकारी के अनुसार मार्केट एरिया में लाइन बिछाने का डिजाइन चेंज किया गया था। बीते वर्ष बारिश बंद होने व त्यौहार समाप्त होने के बाद ठेका कंपनी मार्केट एरिया में लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ करना था, लेकिन यहां भी मंथर गति से चल रहे कार्य के चलते इस वर्ष भी सीवर लाईन का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।



#### नहीं दिखाई देते सुपरवाइजर

मानसून आने के संकेत हो चुक हैं, झूलापुल से डॉक्टर कालोनी होते हुए पुलिस लाईन जाने वाला मार्ग एक बार फिर वार्डवासियों के मुसीबत बनेगा, सडक्रों की मशीन से कराई गई खोदाई के कारण लोगों को घरों से निकलने और वाहन आदि लाने ले जाने में असुविधा होगी। सीवर पाइप लाइन बिछाने के पूरे कार्य में केवल मशीनें और वर्कर ही दिखाई पड़ते हैं। सुबह से लेकर शाम तक केवल गड्ढा खोदना और चेम्बर बनाने का काम किया जाता है। इस दौरान कार्य की प्रगति देखने और कार्य का तकनीकी अवलोकन करने वाले इंजीनियर और सुपरवाइजर कभी दिखाई नहीं पड़ते हैं।

#### दो बार दिया गया एक्सटेंशन

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी जैसी बड़ी कम्पनी में भी शायद कर्मचारियों का खासतौर पर तकनीकी कर्मचारियों का टोटा है। कंसल्टेंट लेकर काम शुरू कराने के बाद अब कोई मौके पर काम देखने नहीं जाता है। कंपनियां भी अपने पास पर्याप्त अमला दर्शाकर काम ले लेती हैं और फिर फील्ड में घिसटती रहतीं हैं। बरसात में एक बार फिर वार्डों में परेशानी का सामना वार्डवासियों को करना पड़ेगा, सीवर लाइन बिछाने वाली कंपनी को दो बार एक्सटेंशन मिल चुका है, पहली बार में दिसंबर 2024 तक काम पूर्ण करना था। दूसरी बार सीवर लाइन बिछाने वाली ठेका कंपनी को 31 मई 2025 तक के लिए एक्सटेंशन दिया गया था, समय बीत जाने के बावजूद सीवर लाईन कार्य पूरा नहीं हो सका है। कुल मिलाकर विकास के नाम पर सीवर लाईन कंपनी नगर पालिका के लोगों के मुसीबत बनी हुई है।

#### पाइप की गुणवत्ता पर भी सवाल

नगर पालिका को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए किए जा रहे सीवर लाइन बिछाने के काम में जो पाइप उपयोग में लाए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता पर शुरुआत से ही सवाल खड़े होते रहे हैं। जानकारों का कहना है कि जिन पाइपों का उपयोग घरों से निकलने वाले दूषित पानी को ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने में किया जा रहा है, उनकी मोटाई अपेक्षाकृत कम है, जो पानी का दबाव नहीं झेल पाएंगे। आश्चर्य की बात है कि वार्डो की हालत खस्ता है, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों को वार्डवासियों की समस्या से कोई सरोकार नहीं है, नौकरशाह संभवतः वार्डो का कभी भ्रमण नहीं करते, जिसके चलते उन्हें यह नजर नहीं आ रहा है कि सीवर लाइन के निर्माण के चलते लोगों की कितनी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

#### नगर पालिका भी जिम्मेदार

मानसून आने की सूचना किसी भी दिन आ सकती है, नगर पालिका के वार्डो में बारिश के दौरान समस्या और बढ़ जाएगी। सीवर लाइन के लिए बनाए गए गड्ढों में पानी भर जाएगा। टूटी हुई सडक्रों पर चलना दूभर होगा। ऐसे में हादसे की आशंका बनी रहेगी। सीवर लाइन परियोजना की कछुआ चाल के लिए नगर पालिका कम जिम्मेदार नहीं है। निर्माण एजेंसी को ठेका देने के बाद कार्य की बराबर निगरानी नहीं की गई। तय समय में लक्ष्य हासिल करने के लिए दबाव नहीं बनाया गया। जनता की परेशानियों की जगह निर्माण एजेंसी को अहमियत दी गई। इसकी वजह आसानी से समझी जा सकती है, अगर नगर पालिका ने समय पर सीवर लाईन कंपनी की प्राथमिकता तय की होती तो, जनता परेशानी नहीं झेलनी पड़ती।

# बाणसागर पुल का पिलर नीचे झुका

### सडक़ के बीच में हुआ गड्ढा, पुल से आवाजाही बंद



**शहडोल**। रीवा-शहडोल मुख्य मार्ग में बाणसागर स्थित सोन नदी के ऊपर बने पुल का एक पिलर मंगलवार को अचानक कुछ नीचे झुक गया। साथ ही पुल के बीच एक गड्ढा भी हो गया। इस खतरे को देखते हुए पुल से आवाजाही बंद करा दी गईं है, दोनों ओर से आने वाले वाहनो की निकासी के लिए वैकल्पिक बुढ़वा, कुदरी व बघवार मार्ग से वाहनो की आवाजाही शुरू कराई गईं हैं। ताकि उक्त मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित न होने पाए। पुलिस ने बताया कि मंगलावार सुबह उक्त मार्ग से पुलिस का एक वाहन गुजर रहा था, तभी पुल के एक ओर का पिलर झुका हुआ नजर आया, साथ ही पुलिया के बीच एक गड्ढा भी दिखाई दिया। जिसके बाद उक्त मार्ग में संभावित खतरे को देखते हुए तत्काल ही थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इससे अवगत कराया तथा बाणसागर पुलिया में बैरिकेट्स लगाकर उससे आवाजाही बंद करवा दी गईं। विदित हो कि बाणसागर स्थित सोन नदी में बने उक्त पुल शहडोल-रीवा मार्ग का मुख्य केंद्र हैं। इस मार्ग से सतना, रीवा समेत यूपी का सफर तय किया जाता हैं, लेकिन अचानक पुलिया का पिलर एक ओर झुक जाने से उक्त मार्ग से आवाजही करने से खतरे का अंदेशा हैं। इसलिए पुलिस द्वारा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा एसडीएम सहित एमपीआरडीसी के जिम्मेदार अधिकारियों को इस संभावित खतरे की सूचना दे दी गईं हैं। फिलहाल पुलिस द्वारा वाहन चालको को वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही करने के लिए कहा जा रहा हैं।

#### इनका कहना है...

पुल का एक हिस्सा शहडोल जिले में आता है और दूसरा हिस्सा रामनगर थाना जिला मैहर में आता है, हमने मैहर जिले में कंट्रोल रूम को सूचना दी है एवं रामनगर थाने को भी बताया है। दोनों ओर पुलिस लगाकर मार्ग को बंद कर दिया गया है। एक वैकल्पिक मार्ग से वाहनों को आने जाने दिया जा रहा है।

**सुभाष दुबे**
**थाना प्रभारी, देवलोंद**

# विश्वविद्यालय में आदित्य बिड़ला कैपिटल ग्रुप का कैंपस हायरिंग का आयोजन



**शहडोल**। पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में कुलपति की अध्यक्षता में एमबीए विभाग द्वारा आदित्य बिड़ला कैपिटल ग्रुप के सहयोग से कैंपस हायरिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. एच. एल. मरावी एवं डॉ. मनीषा शुक्ला के मार्गदर्शन में तथा डॉ. धनुषधारी एवं डॉ. मुकेश के समन्वय से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भास्कर प्रसाद शुक्ला, शाखा प्रबंधक, आदित्य बिड़ला कैपिटल शहडोल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट सेक्टर में रोजगार के अवसरों, आवश्यक कौशल और कंपनी की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। कुलपति द्वारा एमबीए के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आप सभी उज्ज्वल भविष्य वाले छात्र हैं और आज का दिन आपके करियर के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने आदित्य बिड़ला ग्रुप के प्रतिनिधियों से छात्रों का परिचय कराते हुए कहा कि आज जो भी छात्र इस कैंपस हायरिंग प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं, वे विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अपना शुभाशीष प्रदान करते हुए कुलपति ने कहा कि विद्यार्थी कठिन परिश्रम करें और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें और आशा व्यक्त की कि वे न केवल अपने लिए बल्कि विश्वविद्यालय के गौरव के लिए भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम की प्रस्तुति सुश्री आकांक्षा नामदेव, क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रबंधक, आदित्य बिड़ला कैपिटल द्वारा दी गई। उन्होंने छात्रों को चयन प्रक्रिया, कंपनी की प्रोफाइल, करियर ग्रोथ और इंटरव्यू टिप्स पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एमबीए विभाग के वर्तमान और भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होकर अपने भविष्य को आकार देने का प्रयास किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें कॉर्पोरेट दुनिया के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में आदित्य बिड़ला कैपिटल ग्रुप के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए।

### एनसीसी ऑल इंडिया ट्रेनिंग कैंप में दो छात्रों का चयन



**शहडोल**। एनसीसी का ऑल इंडिया ट्रेकिंग कैम्प इन दिनों पवित्र नगरी अमरकंटक में चल रहा है, जिसके लिए जिले के दो छात्रों का चयन इस नेशनल कैम्प में किया गया। सेंट एलॉसियस विद्यालय के कक्षा 10 वीं के छात्र वरुण श्रीवास्तव पिता अमरेंद्र एवं शौर्य पिता अमित कुमार मिश्रा का चयन किया गया है। देश के विभिन्न राज्यों से आए कैडेट्स के साथ ही उक्त दोनों छात्र भी उक्त कैम्प में शामिल होकर अनुशासन व शारीरिक तथा बौद्धिक क्षमताओं के बारे में अवगत हो रहे हैं। दो छात्रों के चयन होने पर विद्यालय के प्राचार्य फादर ए जगजराज एवं एनसीसी अधिकारी जितेंद्र कुमार पटेल ने कहा कि इससे उनके व्यक्तित्व विकास में मदद मिलेगी, उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कांग्रेस पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय दौरा



**शहडोल**। कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश मे संगठन सृजन कार्यक्रम की शुरुआत की है। जिसके तहत हर जिले में पर्यवेक्षक भेजे जाएंगे। इसमें एक एआईसीसी का सदस्य होगा, बाकी तीन प्रदेश के वरिष्ठ संगठन पदाधिकारी या पूर्व सांसद-विधायक जैसे जनप्रतिनिधि होंगे। पर्यवेक्षकों द्वारा जिले से छः नाम चयनित किए जाएंगे। इन नामों को दिल्ली भेजा जाएगा। वहां स्कूरटनी और पुलिस रिकॉर्ड जैसी गतिविधियों को चेक करने के बाद राहुल गांधी स्वयं एक नाम को चुनेंगे। इसी के तहत एआईसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षक विवेक बंसल, एवं रूक्कष्टष्ट से नियुक्त पर्यवेक्षक राजमणि पटेल, नारायण पट्टा, श्रीमति कल्पना वर्मा का आगमन दिनांक 11जून को शहडोल जिले मे हो रहा है।

#### पर्यवेक्षक लेंगे बैठक

संभागीय मुख्यालय में पर्यवेक्षक 11 जून को दोपहर 12 बजे कांग्रेसजनों की बैठक करेंगे, दोपहर 3 से 6 बजे कांग्रेस भवन में कांग्रेस जनों से मुलाकात करेंगे। 12 जून की दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक गोहपारू ब्लॉक कार्यकर्ता की बैठक लेंगे, दोपहर 2 से 3 बजे जयसिंहनगर ब्लॉक के कार्यकर्ता की बैठक होगी, शाम 4 से 6 बजे तक ब्यौहारी ब्लॉक के कार्यकर्ता की बैठक का आयोजन किया गया है। 13 जून को दोपहर 12 से 2 बजे मे जैतपुर ब्लॉक कार्यकर्ता बैठक होगी एवं दोपहर 4 से 6 बजे तक बुढ़ार ब्लॉक कार्यकर्ता के साथ बैठक होगी। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने समस्त कांग्रेस संगठनों व समस्त कांग्रेसजन से कार्यक्रम मे उपस्थित होने की अपील की है।

### कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं, निराकरण करने के निर्देश




**शहडोल**। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।जनसुनवाई में मो. इस्लाम खान अतिथि शिक्षक वर्ग 01 निवासी ग्राम चंदनिया तहसील पाली जिला उमरिया ने मानदेय भुगतान कराने बावत, ज्योति लारिया सेवा निवृत्त प्रिंसिपल शा.कन्या उ.मा. विद्यालय अनूपपुर, जिला अनूपपुर ने पेंशन प्रकरण को 10 माह तक लंबित रखने के खिलाफ कार्यवाही करने बावत आवेदन कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता को दिए। जिस पर कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जिस पर कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सडक़ दुर्घटनाएं रोकने करें प्रभावी कार्यवाही: कमिश्नर




### संभाग स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**शहडोल**। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में सडक़ दुर्घटनाओं को कम करने के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन समन्वय बनाकर प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चत करें। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में चिन्हित ब्लैक स्पाटों का पुलिस अधिकारी एवं एम.पी.आर.डी.सी. विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण करें और आवष्यकता के अनुसार चिन्हित ब्लैक स्पॉटो की स्थिति सुधारे, सडक़ों के किनारे संकेतक एवं सूचना बोर्ड लगाए। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभाग में यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरूद्व सख्त कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वाहन मालिको के पास लाइसेंस अवश्य रहे, ओव्हर लोडिंग वाहनों पर कार्यवाही और मालवाहक वाहनों में यात्रियों का आवागमन न हो यह भी सुनिश्चित करें।

बैठक में कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग में यातायात जागरूकता अभियान के दौरान लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें तथा वाहनों की संघन चेकिंग की जाए। उन्होंने कहा कि चेकिंग के दौरान लोगो को हेलमेट का उपयोग करने, चार पहिया वाहनों में सीटबेल्ट लगाने जैसे अन्य यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दे। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान वाहन फिटनेस, लाइसेंस आदि दस्तावेजों की जांच अवश्य करें। कमिश्नर ने शहडोल नगर की सडक़ों के बीच बने डिवाइडर पर लगे पेड़-पौधों की छटाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने पीओएस मशीन, इंटरसेप्टर व्हीकल, यातायात जागरूकता अभियान के तहत की गई कार्यवाही, हिट एंड रन के प्रकरणों में पीड़ितो के आर्थिक सहायता के संबंधी सहित अन्य किये गए कार्यो की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियो को दिए। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक सुश्री सविता सोहाने, कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया धरणेंद्र जैन, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, श्रीमती निवेदिता नायडु, मोती उर-रहमान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह, तन्मय वशिष्ट, जिला परिवहन अधिकारी सहित शहडोल संभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित थें।

### पुष्पराज सिंह 8वीं बार बने अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

**उमरिया**। जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ता संघ का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा लिया गया है, जिसमें एक बार फिर वकीलों की पसंद सीनियर एडवोकेट पुष्पराज सिंह 8वीं बार संघ के अध्यक्ष चुने गये हैं। उनकी लोकप्रियता एक बार फिर देखने को मिली जब वकीलों ने अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए पुष्पराज सिंह को चुना। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ जिला न्यायालय परिसर में 340 वकीलों को अपने मताधिकार का प्रयोग किया जाना था, जिसमें 327 वोट कुल डाले गये। जिसमें मतगणना उपरांत पुष्पराज सिंह को 138 वोट प्राप्त हुए, वहीं अध्यक्ष पद की दौड़ में दिवाकर सिंह उमरिया 125, सज्जन आजाद चंदिया 23, राम चरित्र मिश्रा को 36 वोट प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद में जितेंद्र सिंह व सचिव सुखबदन महोबिया को चुना गया है। बताया जा रहा है कि 327 वोट में 7 वोट निरस्त हुए हैं। जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में कुल 4 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में थे, जिसमें पुष्पराज सिंह 13 मतों से विजयी घोषित किये गयें हैं। अपनी सरल शैली और मजाकिया अंदाज में पुष्पराज सिंह वर्षों से वकीलों के मन में राज किया है, न्यायाधीशों के सम्मान लिए हो या फिर अपने वकीलों पर हुए अन्याय के खिलाफ उन्होंने लड़ाई लड़ी है और जीत हासिल करते हुए अपने काम का लोहा मनवाया है, शायद यही वजह है कि 8वीं बार भी उन्होंने जीत दर्ज की है। उनकी इस नियुक्ति में जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया वहीं ईष्ट मित्रों ने फूल माला पहनाकर कर बधाई प्रेषित की है।

**कार्यालय नगर परिषद् बकहो, जिला शहडोल म.प्र.**

नेशनल हाईवे मेन रोड बकहो (9755485693)
E-mail-cmobakho.shahdol@mpurban.gov.in

क्रमांक / 116 /PMAY / न0परि0 / 2025-26 बकहो, दिनांक- 10/06/2025

**अंतिम दावा/आपत्ति सूचना**

म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र एवं क्रमांक एफ/एफयूडीएच/9/0009/2025 / 18-2 भोपाल दिनांक 17.03.2025 संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म0प्र0 शासन भोपाल के पत्र क्रमांक - या0प्र0 107 / 2025/3180 भोपाल दिनांक 18.03.2025 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (बी.एल.सी.घटक) के तहत् ऑनलाइन आवेदन पत्रों की जॉच कर पोर्टल मे स्वीकृत करने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार करने हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर जिला शहडोल, म.प्र. क्रमांक / प्र.सं. आ.यो./ भौतिक सत्यापन / 2025 / 785 दिनांक 21.04.2025 के द्वारा डियुटी लगाई गई थी। सभी कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों अनुसार वार्डो मे जाकर स्थल निरीक्षण / परीक्षण पश्चात् द्वितीय चरण हेतु पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की गई है जिसका प्रकाशन दिनांक 10.06.2025 को कार्यालय के सूचना पटल पर किया गया है। प्रकाशित सूची में अगर किसी भी व्यक्ति को दावा / आपत्ति हो तो दस्तावेजी सबूतों के साथ दिनांक 17.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक निकाय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी भी प्रकार के दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बकहो**
**जिला- शहडोल (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप

### तीन कर्मचारियों पर शास्ति अधिरोपित

**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला रजिस्ट्रार जिला योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग ने पदाविहित अधिकारियों व्दारा प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में नही किए जाने पर प्रकरण लोक सेवा गारंटी पोर्टल पर समय सीमा प्रदर्शित होने से तीन कर्मचारियों पर शास्ति अधिरोपित किया है। जिन तीन कर्मचारियों पर शास्ति अधिरोपित किया गया है उनमें सरोज रौतेल सचिव ग्राम पंचायत खेरवाखुर्द पर जनपद पंचायत करकेली पर 250 रूपये, देवेन्द्र द्विवेदी ग्राम पंचायत डगडौआ सचिव जन पद पंचायत करकेली पर 750 रूपये , अंतिमा सिंह सचिव ग्राम पंचायत अमड़ी जनपद पंचायत करकेली पर 550 रूपये शामिल है।

### मत्स्याखेट पर 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा


**उमरिया।** मध्यप्रदेश राज्य में मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 (2) के अन्तर्गत 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को मत्स्य प्रजनन काल होने से बंद ऋतु घोषित किया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, मछली पालन के ज्ञापन के अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है, और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अन्तर्गत नही लाया गया है, को छोडक़र समस्त नदियों एवं जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नियमों के उल्लंघन पर मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या पांच हजार रू0 का जुर्माना या दोनों से दंण्डित किये जाने का प्रावधान है।
अधिसूचना के माध्यम से सर्व संबंधित व मत्स्यजीवियों से कहा गया है कि वे इस अवधि में किसी भी प्रकार मत्स्याखेट , कय-विक्रय,परिवहन न करे, और न ही ऐसे कार्य में किसी अन्य को सहयोग दें अन्यथा कि स्थिति में उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी।

## निर्माण शुरू करने से पहले वेण्डर को हुआ लाखों का भुगतान

# धनौरा में मची है शासकीय धन की लूट

### खनिज की रॉयल्टी में दफन है पंचायत का भ्रष्टाचार

**शहडोल।** ग्राम पंचायत स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा, ग्राम पंचायतों की योजनाओं में बड़ी संख्या में घोटाले होते हैं, जिनकी न तो सही जांच होती है और न ही जिम्मेदारों पर कार्रवाई ही होती है, धनौरा पंचायत में सरकारी धन के दुरुपयोग के कई मामले सामने आए हैं, लेकिन आज तक प्रशासनिक अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। सरकार की तमाम सख्ती के बावजूद सोहागपुर की ग्राम पंचायतों में फर्जीवाड़ा और घोटाला थमने का नाम नहीं ले रहा है, अक्सर ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यो में घोटाले की खबरे सामने आती रहती है, ग्रामीण क्षेत्रों की भोली-भाली जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि अर्थात सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री द्वारा निर्माण कार्यो में तकनीकी मापदण्डों एवं कायदों की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कार्यवाही न होना कहीं न कहीं वरिष्ठ प्रशसनिक अधिकारियों की




कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

### यह है मामला

सोहागपुर जनपद की ग्राम पंचायत धनौरा में पांचवे वित्त से कपिलधारा ग्राम में शाला बाऊण्ड्रीवाल निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ, उक्त निर्माण के लिए 11 लाख 45 हजार का बजट स्वीकृत किया गया। आश्चर्य की बात यह है कि निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है, लेकिन पंचायत के सरपंच-सचिव ने नारायण सिंह नामक पटनाकला खुर्द की फर्म को लाखों रूपये का भुगतान कर दिया है। चर्चा है कि उक्त वेण्डर ने दो गाड़ी सोन नदी की रेत गिराई है और निर्माण स्थल पर कपिलधार नदी से काली रेत निकालकर निर्माण कार्य के लिए दी गई।

### रॉयल्टी और बिल का हो मिलान

मध्यप्रदेश शासन के खनिज संसाधन विभाग ने 15 मार्च 2018 को पत्र जारी कर स्पष्ट किया था कि निर्माण एजेंसी द्वारा प्रस्तुत रॉयल्टी चुकता प्रमाण-पत्र में निर्माण विभाग के बिल पास करने वाले अधिकारी को यह देखना होगा कि गौण खनिज प्राप्त करने का दिनांक, कार्य की अवधि से मेल खाता हो और प्रमाण पत्र में शामिल सभी ट्रांजिट पास/प्रवेश पत्र में क्रेता के नाम के रूप में ठेकेदार या निर्माण एजेंसी का नाम अंकित है, ग्राम पंचायत धनौरा में शाला बाऊण्ड्रीवाल निर्माण में अब तक



जितना भी खनिज पंचायत द्वारा खरीदा गया है और जिसका भुगतान हो चुका है, उन बिलों के साथ रॉयल्टी का मिलान कराना चाहिए, जिसके बाद बिल पास करने वाले की कलई खुलकर सामने आ जायेगी।

### जांच कर कार्यवाही की मांग

सोहागपुर जनपद की पंचायतों की धांधलियों की सदैव शिकायत हुई, लेकिन कार्रवाई कभी नहीं हुई। अगर धनौरा पंचायत में हुए निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाए तो, अधिकांश कार्य गुणवत्ताविहीन ही पाए जाएंगे, लेकिन न तो उपयंत्रियों को इससे कोई मतलब है। इस पंचायत में भी अधिकांश कार्य आज तक अपूर्ण पड़े हुए हैं। केवल बजट का दुरुपयोग किए जाने और अपनी तिजोरी भरने के अलावा पंचायत में कुछ नहीं हो रहा है। शासकीय योजनाओं का लाभ भी सचिव रेवड़ी की तरह अपने चहेतों को बांट रहे हैं। जो कि सरासर नियम विरुद्ध है, जागरूक लोगों ने जनपद के मुखिया से मांग की है कि उक्त मामले में जांच कर उचित कार्यवाही करें।

### इनका कहना है...

ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव को चोर समझा जाता है, सामग्री हमने ली है और भुगतान किया है।

**बृजेन्द्र जायसवाल**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत धनौरा**

*********

अगर सामग्री खरीदी गई है तो, ठीक है, अगर सामान निर्माण स्थल पर नहीं है तो, गलत है, हम मामले को दिखवाते हैं।

**मुद्रिका सिंह**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत सोहागपुर**

# अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न




**उमरिया।** राष्ट्रीय बैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत माह जून ''मलेरिया निरोधक माह'' की अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि आम जनों को डेंगू मलेरिया एवं चिकनगुनिया से बचने के लिए सलाह दी जाए। उन्होने कहा कि छत पर रखी पानी की टंकियो को ढक्कन सही प्रकार से बंद रखने, पानी रखने वाले बर्तनो, बाल्टियों , हौदियो को ढक कर रखने, घर के आस पास के क्षेत्र मे पानी इकठ्ठा नही होने देने, यदि रूका हुआ पानी निकालना संभव न हो तो वहां पेट्रोल, डीजल का छिडक़ाव करने, टूटे फूटे बेकार बर्तन, कप, गमले, टायर इत्यादि जिनमें बरसात का पानी जमा हो सकता है , ऐसी चीजे खुले में नही रखनें की समझाईश दी जाए।
बैठक में मलेरिया के रोकथाम हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्ही.एस चंदेल द्वारा बताया गया कि मानसून के प्रारम्भ होने के पूर्व व मानसून के पश्चात मच्छरों के उत्पत्ति स्थल बढ़ जाने के कारण मलेरिया वाहक मच्छर जन्य परिस्थितियाँ निर्मित हो जाती हैं एवं मलेरिया का प्रसार अधिक होने लगता है, जनसमुदाय की सक्रियता से मलेरिया बीमारी के आउटब्रेक एवं मलेरिया से होने वाली मृत्यु को रोका जा सकता है। जिसके दृष्टिगत आवश्यक है कि मानसून प्रारम्भ होने के पूर्व जून माह में मच्छारों के उत्पत्ति स्थलो के नियंत्रण एवं मलेरिया बीमारी की रोकथाम के सम्बन्ध में समस्त जानकारी दी गई। जिससे आगामी माह में प्रभावी रूप से मलेरिया बीमारी की रोकथाम हो सके मलेरिया उन्मूलन हेतु सार्थक परिणाम प्राप्त करने हेतु जनुसमुदाय को जागरूक किया जा रहा है। मलेरिया निरोधक माह का आयोजन मात्र मलेरिया बीमारी के नियंत्रण के उपाय के प्रभावी नियंत्रण हेतु भी किया जा रहा है। इसका प्रचार-प्रसार गॉव-गॉव तक किया जा रहा है, जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित से मलेरिया रोग के रोकथाम हेतु प्रचार ग्रामीणो में मलेरिया से बचाव हेतु मलेरिया रथ के माध्यम से हाई रिस्क ग्रामों मे जन जागरूकता लाने का निरंतर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, तीनो ब्लाको हाई रिष्क ग्रामों में जहां पॉजिविटी केश पाये गये है वहा पर भ्रमण करेगा आशाओ के माध्यम से ग्राम स्तर पर जनजागरूकता हेतु नारे, दीवार लेखन एवं ग्रामीणो को समझाईस दिया जा रहा है।
जिला मलेरिया सलाहकार रवि कुमार साहू द्वारा बताया गया कि मलेरिया संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया से बचाव हेतु घर के आस-पास पानी जमा न होने दें व सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। सप्ताह में एक बार कूलर का पानी बदले एवं आस पास पाये जाने वाले कूलर टायर मटका टूटे फूटे डिब्बो में पानी जमा न होने दे एवं रूके हुये पानी में जला हुआ ऑयल केरोसीन एक ढक्कन डाले।
बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित , जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याये

**उमरिया।** साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर ने जिले के दूर दराज से आये लोगो की समस्याओं को सुना तथा निराकरण के लिए आवेदन संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया। मुन्नी बाई चंदवार ने भूमि के सीमांकन की पुष्टि कराने, नत्थू कुशवाहा चंदिया ने पटवारी द्वारा जारी नोटिस में बेदखली की कार्यवाही पर रोक लगाने, कपूर वासुदेव ग्राम महरोई ने आधार कार्ड , परिचय पत्र बनाने, धीरा बैगा ग्राम धनवाही ने भूमि पर कब्जा होने, अमृत लाल चौधरी ग्राम परासी ने पुत्री को अनुसूचित जाति जन जाति छात्रावास की सुविधा दिलाने, हरिशरण पटेल निवासी ग्राम पंचायत टिकुरीटोला ने पानी की निकासी हेतु पुलिया का निर्माण कराने, सरिता तिवारी वार्ड नंबर 6 नगर परिषद मानपुर ने रास्ते में किए जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने, नारायण यादव ग्राम पंचायत रथेली ने गरीबी रेखा में नाम जोडऩे तथा रंजना महोबिया ग्राम परासी ने आधार कार्ड में जन्म तिथि सही कराने संबंधी आवेदन दिया।

# प्रबंधन की ताबड़तोड़ बिजली कटौती से आमजन त्रस्त

### प्रबंधन एक माह का समय दे: राम अवध सिंह

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र में विशेष कर नगर पालिका पसान क्षेत्र अंतर्गत इन दोनों कालरी प्रबंधन द्वारा लगातार विद्युत कनेक्शन काटे जा रहे हैं जिससे गर्मी का मौसम होने के कारण आमजन काफी परेशान है इस संबंध में नगर पालिका ने कालरी प्रबंधन से आग्रह किया कि वह एक मांह का समय दे लेकिन कालरी के महाप्रबंधक अजय कुमार व शिवदयाल विद्युत यांत्रिकी अधिकारी द्वारा हिटलर शाही रवैया अपनाते हुए पूरे क्षेत्र में लगातार विद्युत कटौती किया जा रहा है जिससे नगर पालिका




क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पर की नगर पालिका की विद्युत व्यवस्था नहीं पहुंच पाई है जहां पर गरीब मजदूर असहाय आदिवासी लोग निवास करते हैं। वह भीषण गर्मी होने के कारण काफी त्रस्त हैं लेकिन प्रबंधन अपनी हिटलर शाही रवैया और ऊपर का आदेश आने की बात कह रहा है वहीं प्रबंधन के शिवदयाल मुंह देखी करके विद्युत कटौती कर रहे हैं जिससे लोगों में काफी आक्रोश है।

### कालरी प्रबंधन से एक माह के लिए विद्युत कटौती बंद करने की मांग

राम अवध सिंह नगर पालिका के अध्यक्ष ने कहा कि जमुना कोतमा एरिया के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह से हमारी चर्चा हुई उन्होंने कहा कि हमारे एसईसीएल के कर्मचारी कम बचे हुए हैं बिजली ज्यादा उपयोग हो रहा है एसईसीएल हेड क्वार्टर और विजिलेंस का दबाव है इसलिए मैं बिजली कटौती कर रहा हूं जिस पर राम अवध सिंह द्वारा कहा गया कि जो मेंन रोड पर स्ट्रीट लाइट जल रही है उसे जलने दिया जाए और जिन वार्डों में अभी बिजली नहीं पहुंच पाई है वहां पर ट्रांसफार्मर के माध्यम से बिजली पहुंचाई जाएगी थोड़ा वक्त और समय दीजिए लेकिन वे तैयार नहीं है हम एक माह के अंदर नगर पालिका और एमसीबी के माध्यम से ट्रांसफार्मर लगाकर सभी वार्डों में बिजली पहुंचा देंगे। राम अवध सिंह ने कालरी प्रबंधन से मांग किया है कि वह एक माह का समय दें जिससे कि किसी भी को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### जागृति महिला समिति हसदेव क्षेत्र ने पर्यावरण हित में किया वृक्षारोपण



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** श्रद्धा महिला मंडल एस.ई.सी.एल. बिलासपुर की अध्यक्षा शशि दुहन एवं उनके सहयोगियों से प्रेरित होकर जागृति महिला समिति, हसदेव क्षेत्र में समय समय पर सामाजिक कार्य किये जाते हैं। इसी कड़ी में 9 जून को जागृति महिला समिति, हसदेव क्षेत्र की अध्यक्षा विनीता शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर राजनगर में विश्व पर्यावरण के अवसर पर धरती को हरा भरा करने के साथ मानव जीवन को शुद्ध ऑक्सीजन मिल सके। इसके लिए राजनगर गेस्ट हाउस में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण का कार्य किया गया, और यह भी संकल्प लिया गया कि पौधारोपण करने मात्र से ही काम नहीं चलेगा। इन वृक्षों की देखभाल अपने बच्चे जैसे करनी है। जागृति महिला समिति अध्यक्ष क्षेत्र की अध्यक्षा विनीता शर्मा के द्वारा बताया गया, कि हर पेड़ एक जीवन है। आज लगाया गया एक पौधा कल की शुद्ध हवा फल छाया और जल संचय का स्तोत्र बनेगा पेड़ लगाना केवल हमारी एक जवाबदारी ही नहीं। बल्कि हमारी आने वाली पीढियां के लिए सबसे बड़ा उपहार है। इस कार्यक्रम में विनीता शर्मा के साथ सरिता सिंह, रजनी सिंह, तृप्ति पांडे, पुष्पा नेताम, सुष्मिता मिश्रा, सुमन किरण मिश्रा स्मिता प्रधान शांति ने मिलकर वृक्षारोपण किया।

### अमलाई सिद्ध बाबा पहाड़ी में स्थित है एकादश मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर



**अमलाई।** नगर परिषद बरगवा (अमलाई) अंतर्गत वार्ड नंबर 5 में स्थित सिद्ध बाबा डोंगरिया पहाड़ में एकादशी हनुमान मंदिर स्थित है जहां एकादश मुखी हनुमान जी विराजमान है। यह मंदिर अमलाई - चचाई मार्ग में रेलवे अंडर ब्रिज चौराहे से मात्र 200 मीटर दूर स्थित है। ज्ञात हो कि यह मंदिर पूरे मध्यप्रदेश में विरले ही है जिसमे भगवान हनुमान के ग्यारह मुख है, इस भव्य मंदिर में आसपास व दूर दराज के सभी भक्त विशाल संख्या में उपस्थित होते हैं और पवन सुख का दर्शन लाभ करते हुए पुण्य लाभ की प्राप्ति करते हैं। ग्यारह मुखी हनुमान, जिन्हें एकादशमुखी हनुमान भी कहा जाता है, हनुमानजी का एक दुर्लभ और शक्तिशाली रूप है, जिसमें 11 मुख और 22 भुजाएं होती हैं. इस रूप में, हनुमानजी भगवान शिव के 11 रुद्र अवतारों का प्रतीक हैं और उनकी पूजा से भक्तों को एक साथ कई आशीर्वाद प्राप्त होते हैं। प्राचीन काल में, कालकारमुख नामक एक शक्तिशाली राक्षस ने ब्रह्माजी को प्रसन्न करके अमरता का वरदान प्राप्त किया था। कालकारमुख ने कहा था कि जो भी उसकी जन्म तिथि पर 11 मुख धारण करे, वहीं उसे मार सकता है. देवताओं की रक्षा के लिए, हनुमानजी ने 11 मुखी रूप धारण किया और कालकारमुख का संहार किया। ग्यारह मुखी हनुमान जी की पूजा करने से भक्तों को सभी देवी-देवताओं की पूजा का फल मिलता है। ग्यारह मुखी हनुमान जी का रूप हनुमान जी के पराक्रम, शक्ति और असीमित ऊर्जा का प्रतीक है। उनके प्रत्येक मुख में अलग-अलग शक्तियों का निवास है जो भक्तों को सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करती है।

# सुहागिन महिलाओं ने की सुहगली माता की पूजा अर्चना

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** सुहागिन महिलाओं के द्वारा नगर के काली मंदिर में सुहगली माता की पूजा अर्चना करते हुए मंगल गीत गाए गए। पूजा गुप्ता द्वारा मांगी गई मन्नत पर 51 सुहागिन महिलाओं को आमंत्रित कर काली मंदिर में विधि विधान से पूजा कराई गई। सुबह से व्रत रखते हुए महिलाओं के द्वारा मंदिर में सुहाग की सामग्री अर्पित कर गुड़ चना का भोग लगाया गया। महिलाओं के समूह द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया पूजन अर्चन के बाद आपस में सुहाग की सामग्री चूड़ी,बिंदी, सिंदूर, महावर सहित अन्य सामग्रियों को आपस में एक दूसरे को देकर अखंड सुहाग की कामना की। मंदिर में मंगल गीत, संगीत भी चलता रहा। सुहागिन महिलाओं द्वारा बड़ों से आशीर्वाद प्राप्त किया गया। पूजा अर्चना के दौरान पूजा गुप्ता, रेखा सराफ, रागनी सोनी, छाया सोनी, गोल्डी ताम्रकार, गीता अग्रवाल, मेघा सराफ,निशा, सरिता, किरण सहित अन्य महिलाएं शामिल रही।

### पुरानी रंजिश को लेकर थाने में मामला दर्ज


**कोतमा।** थाना अंतर्गत बुढ़ानपुर गांव में रहने वाली महिला पूजा के साथ गांव के ही पूरन उर्फ लाला के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर आए दिन गाली गलौज एवं धमकी देने का आरोप लगाया गया है। धमकी एवं गाली गलौज से पीड़ित होकर महिला के द्वारा लाला के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। बताया जाता है कि महिला के पति का पूर्व में निधन हो चुका है जिससे कोतमा काम करने आने जाने के दौरान विवाद की बात सामने आ रही है।

# महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**उमरिया।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय आर. व्ही. पी एस.स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया में विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।महाविद्यालय की प्राचार्यडॉ. विमला देवी मरावीने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अधिक से अधिकप्राकृतिक संसाधनों को संरक्षितकरना चाहिए तथा प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम करना चाहिए। प्राध्यापक डॉ. अरविंद शाह बरकडे ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, चाहे वह स्वयं के नाम पर हो या अपनी माता के नाम पर। ऋषिराज पुरवार ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि विद्यार्थियों कोसमाज में जागरूकता फैलाने की भी प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में डॉ. तुलसी रानी पटेल, डॉ. मीना सिंह एवं श्री प्रमोद तिवारीने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ग्रहण कर इस समारोह को सफल बनाया।

# आज मनाई जायेगी कबीर जयंती



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** कबीर जयंती उपलक्ष में कबीर अनुयायियों द्वारा राजनगर, डोला, रेऊदा, फुलकोना, सेमरा, क्षेत्र में कबीर जयंती हर वर्ष ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। यह तिथि हिंदू पंचांग के अनुसार होती है, जो आमतौर पर मई या जून महीने में पड़ती है। वर्ष 2025 में कबीर जयंती 11 जून को मनाई जाएगी। इस दिन संत कबीरदास की स्मृति में सत्संग, भजन, कीर्तन और उनके उपदेशों का पाठ किया जाता है। संत कबीर जयंती न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक सुधार और समरसता का संदेश देने वाली भी है।

### संत कबीर का जीवन परिचय

संत कबीरदास 15 वीं शताब्दी के महान संत, कवि और समाज सुधारक थे। इनका जन्म काशी (वाराणसी) के पास लहरतारा में हुआ माना जाता है। एक कथा के अनुसार उन्हें एक मुस्लिम दंपति नीरू और नीमा ने गंगा तट पर पाया और अपने पुत्र की भांति पाला। कबीरदास ने किसी गुरु से औपचारिक शिक्षा नहीं ली, परंतु उन्होंने जीवन के अनुभवों से गहन ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने न तो हिंदू रीति-रिवाजों को पूर्णतः स्वीकारा और न ही मुस्लिम पंथ की कट्टरता को, बल्कि दोनों के मध्य सत्य का मार्ग चुना। संत कबीर ने जीवन भर भक्ति, मानवता और समानता का संदेश दिया। वे रामानंदजी को अपना गुरु मानते थे। कबीर दास ने जातिवाद, पाखंड, मूर्तिपूजा और धार्मिक आडंबरों का विरोध किया। उनका मानना था कि ईश्वर एक है और उसे सच्चे हृदय से याद करने से ही उसका अनुभव किया जा सकता है। उन्होंने साधारण जनमानस की भाषा में दोहे रचे, जो आज भी जन-जन में प्रचलित हैं। संत कबीर के दोहे हमें आत्मचिंतन, प्रेम, भक्ति और समरसता का मार्ग दिखाते हैं। उनका साहित्य आज भी समाज को जागरूक करने वाला प्रकाश पुंज है।

## खबर संक्षेप

### प्रौढ़ की सर्पदंश से तो किशोरी की विषपान करने से हुई मौत

**कटनी।** जहरीले सांप के काटने से एक युवक की मौत हो गई। घटना बरही थाना अंतर्गत ग्राम गोहावल की है। जानकारी के अनुसार कतरी पिता झुरहा कोल 50 घर में था तभी अचानक जहरीले सांप ने काट दिया। तबियत बिगडने पर परिजन आसपास एरिया में झाड़ फूंक कराने में लग रहे। हालात में जब सुधार नहीं हुआ तो परिजन युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची, कार्रवाई कर मामले को जांच में लिया है। डॉक्टर का कहना है कि जिस वक्त सांप ने काटा था तभी अस्पताल लेकर आते लेकिन देरी से लाया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसी तरह एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किशोरी ने जहर पीकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। एनकेजे थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया की कल्पना पटेल पिता विनोद पटेल 16 निवासी कौड़िया थाना एनकेजे ने अज्ञात जहरीले पदार्थ को पी लिया है। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर उसकी मौत हो गई। किशोरी ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों के चलते उठाया है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### युवाओं के पास स्वरोजगार का सुनहरा मौका

**कटनी।** राज्य शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा बेरोजगार युवाओं के स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना संचालित की जा रही है। जिसमें इच्छुक आवेदक पात्रता अनुसार आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत खुदरा व्यवसाय एवं सेवा व्यवसाय हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 25 लाख रूपये तक की और उद्योग (विनिर्माण) हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 50 लाख रूपये तक की औद्योगिक इकाईयां स्थापित की जा सकेंगी। योजनान्तर्गत राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों को वितरित ऋण के सबंध में 3 प्रतिशत की दर से अधिकतम 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान दिया जाता है। साथ ही योजनान्तर्गत ऋण ग्रारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षों तक प्रतिपूर्ति के रूप में देय होती है। योजना का लाभ लेने हेतु 18 से 45 वर्ष के वे युवा जो मध्यप्रदेश का स्थानीय निवासी हो, न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हों एवं उनकी वार्षिक आय 12 लाख रूपये से कम हो, आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक युवा समस्त दस्तावेजों के साथ ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

### 10 लाख 63 हजार से अधिक नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण

**कटनी।** शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 10 लाख 63 हजार 473 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का 64.86 फीसदी है।

बहोरीबंद जनपद अव्वल

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में जनपद पंचायत बहोरीबंद जिले में अव्वल है। जहां अब तक 1 लाख 81 हजार 9 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 35 हजार 801 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो सका है। इसी प्रकार जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में अब तक 1 लाख 61 हजार 671, जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 29 हजार 384 लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि नगर परिषद विजयराघवगढ़ मे 7 हजार 321 और जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 8 हजार 664 समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है।

## वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लगाए 100 पौधे






धनपुरी।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्रद्धा महिला मंडल के विशेष मार्गदर्शन में सुरभि महिला समिति, सोहागपुर क्षेत्र द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छिरहटी संकुल केंद्र खैरहा एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिरौजा संकुल केंद्र के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की मुख्य आयोजिका एवं सुरभि महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती अर्पण श्रीकृष्णा ने स्वयं सक्रिय भागीदारी निभाते हुए विद्यालय परिसर में 100 से अधिक पौधे रोपित किए।कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से हुई, जिसमें समिति की सदस्याओं के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों को न केवल वृक्षारोपण करवाया गया बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को भी समझाया गया। बच्चों ने "पेड लगाओ – ऑक्सीजन बढ़ाओ", "हरित पर्यावरण – स्वस्थ जीवन", "पेड लगाओ – जलवायु बचाओ" जैसे नारे लगाकर कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बना दिया।श्रीमती अर्पण श्रीकृष्णा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष धरती का आभूषण हैं। एक पेड़ सौ संतान के बराबर होता है। हमें आज के दिन केवल पौधे नहीं लगाना है, बल्कि उनकी देखभाल का संकल्प भी लेना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और अन्य स्कूलों तथा सार्वजनिक स्थानों पर भी वृक्षारोपण किया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मीठा फल और बिस्किट वितरित किए गए। समिति की सदस्याएं श्रीमती सत्य रावन्ना, श्रीमती पद्मावती बी, श्रीमती संजू सिंह सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी की सक्रिय सहभागिता से आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।विद्यालय प्रबंधन एवं स्थानीय जनसमुदाय ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज को जागरूक करने के साथ-साथ भावी पीढ़ी में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी पैदा करते हैं।

## 30 जून को SECL के 72 कर्मचारी होंगे सेवानिवृत्त

# महाप्रबंधक बी.श्रीकृष्णा भी शामिल नगर की रौनक पर पड़ सकता है असर






धनपुरी।

सोहागपुर एरिया की विभिन्न कोयला खदानों में वर्षों से सेवाएं दे रहे 72 कर्मचारी 30 जून को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इनमें सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी. श्रीकृष्णा भी शामिल हैं। यह सेवानिवृत्ति उस परंपरा की एक कड़ी है,जो वर्षों पहले कोयला खदानों में भर्ती के रूप में शुरू हुई थी। समय के साथ जिस तरह लोगों ने सेवा शुरू की, अब उसी क्रम में वे अपनी सेवाएं पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है सेवानिवृत्ति एक नियमित प्रक्रिया है—जो भर्ती हुआ है, वह सिस्टम के अनुसार एक दिन रिटायर जरूर होगा। लेकिन जब अनुभवी और वर्षों से सेवाएं दे रहे कर्मचारी सेमडे एक साथ कार्यमुक्त होते हैं, तो इसका असर सिर्फ कार्यालय या खदानों तक सीमित नहीं रहता। धनपुरी जैसे औद्योगिक नगर की सामाजिक और आर्थिक संरचना भी इससे प्रभावित होती है।नगर में व्यापारियों की बढ़ी चिंतास्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पिछले एक दशक पहले जैसी रौनक नगर में नहीं दिख रही है। कई व्यापारी अपने व्यापार को लेकर चिंतित नजर आते हैं। लोगों की स्थिर आमदनी और नियमित उपभोग के कारण जो बाजार चलता था, उसमें अब ठहराव दिख रहा है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संख्या बढ़ने से बाजार की गति पर असर देखा जा रहा है।नगर की रौनक लौटाने की जरूरतसेवानिवृत्ति के बाद नगर के सामाजिक-आर्थिक परिवेश को संतुलित बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। नगर को फिर से सक्रियता और उत्साह से भरने के लिए आवश्यक है कि नए रोजगार अवसर, व्यापारिक योजनाएं और सामुदायिक पहल सामने आएं। इसके लिए स्थानीय प्रशासन, कंपनी प्रबंधन और समाज के प्रबुद्ध वर्ग को मिलकर मंथन करने की जरूरत है।निष्कर्षःएसईसीएल के ये 72 कर्मचारी सिर्फ एक संस्था के सदस्य नहीं, बल्कि नगर की रचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्तंभ हैं। उनकी सेवाओं को सलाम, और नगर के भविष्य को संवारने के लिए अब नए विचारों और पहल की दरकार है। की, अब उसी क्रम में वे अपनी सेवाएं पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं शिक्षा विभाग की प्रदेश में खराब रैंकिंग पर जताई नाराजगी

**कटनी** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार को समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने सीएम हेल्पलाइन, समग्र ई-केवाईसी, सीएम डैशबोर्ड, समय-सीमा पत्रों, विकसित कृषि संकल्प अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान एवं ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं शिक्षा विभाग की प्रदेश में खराब रैंकिंग पर नाराजगी जाहिर की एवं इसमें सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग 50 दिवस से ज्यादा समय से लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करें।

कलेक्टर श्री यादव ने बैठक में विकसित कृषि संकल्प अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान के तहत कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में किसानों को आमंत्रित करें। साथ ही कार्यक्रम में कृषि संगठनों एवं स्व-सहायता समूहों को भी शामिल करें।



# छत्तीसगढ़ की कंपनी जय अंबे से नहीं चलवा पा रही एंबुलेंस

**ब्यौहारी**–मध्य प्रदेश में एंबुलेंस की सेवा प्रदाता कंपनी जय अंबे जो कि छत्तीसगढ़ के रायपुर की है उसके द्वारा शहडोल जिला में 33 एम्बुलेंस एवं बी एल एस वाहन चलाना दिखाया जा रहा है लेकिन इसकी अधिकांश गाड़ियां खराब पड़ी है हमारे संवाददाता द्वारा स्वयं रीवा रोड स्थित शिवाय मोटर्स में जाकर स्थिति को देखा गया तो वहां पर 10 गाड़ियां खराब मिली पूछने के लिए गैरेज के कर्मचारियों से कोशिश की गई तो उनके द्वारा कुछ भी बताने से इनकार किया गया और बोले हम लोगों जानकारी नहीं है कई गाड़ियां बनी हुई है लेकिन ले जाने वाला कोई नहीं वहीं कई गाड़ियां खराब है समय से पेमेंट भी नहीं मिल पाती ऑफिस सरकार की क्या मजबूरी है कि जय अंबे सर्विस के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है क्षेत्र के लोगों की मांग है कि जय अंबे कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाए इससे सभी गाड़ियां रोड में दौड़ सके अभी वर्तमान में शहडोल जिले में 33 गाड़ियों को दौड़ना दिखाया गया है जबकि वास्तव में 18 गाड़ियां ही दौड़ रही है लेकिन पैसा पूरे का निकल रहा है1

# शहर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए दो पालियों में कराई जा रही साफ सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्धेश्य से निगम प्रशासन के स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाकर सक्रियता से दो पालियों में नगर की सफाई व्यवस्था कर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शहर के सभी छोटे बड़े नाली-नालों एवं की सफाई के कार्य के साथ ही मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु वार्डों में फॉगिंग मशीन के माध्यम से रासायनिक धुएं के छिड़काव का अभियान निरंतर जारी है।

अभियान के तहत यात्री सुविधा को देखते स्वच्छता मित्रों द्वारा बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय परिसर की धुलाई सहित नगर के अन्य मुख्य मार्गो में विशेष सफाई का कार्य कराया गया है । वहीं आगामी वर्षा ऋतु के जलभराव की स्थिति निर्मित न हो इसको ध्यान में रखते हुए नगर के छोटे एवं बड़े नाले नालियों की अभियान चलाकर जेसीबी एवं स्वच्छता दूतों के माध्यम से सफाई कार्य किया जाकर जमा कचरे एवं गाद को निकाला जा रहा है। ताकि सुगमता से वर्षा जल की निकासी हो सके। मदनमोहन चौबे वार्ड स्थित भूमि प्रगट शारदा देवी मंदिर मार्ग में नाले का जेसीबी एवं स्वच्छता दूतों के माध्यम से सफाई कार्य कराया गया है।

इसके साथ ही रामनिवास सिंह, कावसजी वार्ड, राम जानकी हनुमान वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, मूंगा बाई कॉलोनी के विभिन्न नाले एवं नालियों की सफाई करायी जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

# जेके सीमेंट ने किया ठेकेदारों के संवाद समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनी, जेके सीमेंट ने हाल ही में मध्य प्रदेश के अनूपपुर में निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों के लिए एक विशेष तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ठेकेदारों को कंपनी के नवीनतम उत्पादों और निर्माण तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान करना था।कार्यशाला में जेके सीमेंट के तकनीकी शाखा प्रबंधक, आकाश सिंह तिवारी ने सभी उपस्थितों का स्वागत किया और कंपनी के प्रमुख उत्पादों, जेके सुपर, जेके स्ट्रांग जेके प्रोटेक्ट और जे के profix के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इन उत्पादों की विशिष्ट विशेषताओं और गुणवत्ता के बारे में बताया कि कैसे ये उत्पाद निर्माण कार्य को अधिक मजबूत और टिकाऊ बना सकते हैं।तिवारी जी ने कार्यशाला में जेके सीमेंट की एक विशेष पहल, 'शूरवीर स्कीम' के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस स्कीम के माध्यम से कंपनी ठेकेदारों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं और सहायता प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि कैसे यह स्कीम ठेकेदारों को बेहतर ढंग से काम करने में मदद करती है और उनके व्यवसाय को बढ़ाने में योगदान देती है।इसके अलावा, तिवारी जी ने आने वाले समय में कंपनी द्वारा आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों जैसे जेके शिखर और जेके मिलन के बारे में भी जानकारी दी। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ठेकेदारों के बीच नेटवर्किंग को बढ़ावा देना और उद्योग से जुड़े नवीनतम रुझानों के बारे में जानकारी साझा करना है।कार्यशाला के दौरान, तिवारी जी ने सीमेंट के उचित उपयोग और रखरखाव के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे सीमेंट को सही तरीके से स्टोर और इस्तेमाल किया जाए ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार हो सके।इस कार्यक्रम में जेके सीमेंट के अन्य सेल्स अधिकारी राघवेन्द्र साहू,मनीष शर्मा, तकनीकी विभाग से अभिषेक तिवारी , रोहित सोनी, सोनू साहू ,प्रशांत रैले , मनीष तिवारी एवं आकाश कुशवाहा उपस्थित रहे। साथ ही, स्थानीय ठेकेदारों ने भी बड़ी संख्या में इस कार्यशाला में भाग लिया।यह कार्यशाला ठेकेदारों के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हुई जहां उन्होंने कंपनी के नवीनतम उत्पादों और तकनीकों के बारे में सीखा और एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यशाला के माध्यम से जेके सीमेंट ने एक बार फिर से निर्माण उद्योग में अपने नेतृत्व का प्रदर्शन किया है।

# पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा,में कक्षा छठवीं सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाईन आवेदन पत्र भरना प्रारंभ हो गया है। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु पंजीयन प्रारंभ हो गया है। आवेदन आनलाईन किया जा सकेगा। आनलाईन आवेदन को जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। आवेदन ऑनलाईन निःशुल्क किया जा सकता है। चयन परीक्षा हेतु आवेदन करने की पात्रता उन विद्यार्थियों को ही है जो कि कटनी जिले में सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हों एवं कटनी जिले में ही निवासी होंगे।

चयन होने की स्थिति में विद्यार्थी का एवं पालक का कटनी जिले के निवास का प्रमाण (जो कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित हैं) देना अनिवार्य होगा। जो विद्यार्थी जिस विकासखण्ड के विद्यालय में अध्ययनरत हैं उसी विकासखण्ड का उल्लेख आवेदन पत्र में करेंगे। आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारी सही एवं सावधानी पूर्वक भरेंगे। विद्यालय सरकारी या मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। वे ही विद्यार्थी आवेदन करने हेतु पात्र हैं जिनका जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 (दोनों दिनांक सम्मिलित करते हुए) के बीच हुआ हो।

## मुक्तिधाम परिसर में भागवत कथा का हो रहा आयोजन

# भक्ति के लिए उम्र का नहीं कोई बंधन बच्चों को जैसा चाहो वैसा बना सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुक्तिधाम परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में पांचवे दिन ध्रुव चरित्र की कथा का प्रसंग कथा व्यास ने सुनाया। पहलगाम हमले मे शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए 11 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भगवताचार्य इंद्रभान शास्त्री महाराज द्वारा कथा का वर्णन किया जा रहा है। भक्तराज ध्रुव की कथा के माध्यम से श्रोताओं को भक्ति और दृढ़ संकल्प को विस्तार से समझाया। ध्रुव चरित्र की कहानी सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए उन्होंने बताया कि भगवान की भक्ति में उम्र की कोई बाधा नहीं होती और धैर्य-संयम परिवार के लिए आवश्यक है।भक्त ध्रुव ने तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाया।

उन्होंने कहा कि भक्ति के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्ची मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बना सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कल कार्यशाला आयोजित

**अनूपपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 जून 2025 को बाल श्रम के विरुद्ध विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिले के शहर एवं कस्बों में बाल श्रम के विरुद्ध जन जागरण अभियान चलाया जाएगा और लोगों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी श्रम पदाधिकारी अनूपपुर ने दी है।

## रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करने पर 3 वाहन जब्त



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु खनिज विभाग द्वारा आज तहसील अनूपपुर अंतर्गत ग्राम बम्हनी तथा लोहासुर क्षेत्र अतर्गत 02 वाहन जिनके ट्रैक्टर मय ट्राली क्रमांक एमपी 18 एए 8256 तथा एमपी18 एए 5337 को खनिज रेत अवैध उत्खनन करते हुए जब्त किया गया। साथ ही एक वाहन थाना भालूमाड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगडुमरा से खनिज रेत अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए पाये जाने पर जब्त किया गया। जब्तशुदा वाहनों के स्वामियों के विरुद्ध खनिज के अवैध परिवहन पर नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर न्यायालय कलेक्टर में प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार खनिजों के अवैध उत्खनन तथा परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग द्वारा 01 जून 2025 से 10 जून 2025 तक कुल 16 वाहनों को जब्त किया गया है तथा प्रकरण दर्ज किया जाकर न्यायालय कलेक्टर में निराकरण हेतु प्रस्तुत किया गया है।

## सामुदायिक कार्यकर्ता पूर्णिमा श्याम द्वारा 10 दिवसीय समर कैंप का समापन



**राजेन्द्रग्राम।** अनूपपुर जनजातीय कार्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से विकासखंड पुष्पराजगढ़ के ग्राम बसनिहा में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने कई रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया जिसमें प्रमुख बीज रोपण, पत्तों से आकृतियाँ बनाना, कागज़ से वस्तुएँ बनाना, मिट्टी से मूर्ति निर्माण, रंगोली और चित्रकला आदि। साथ ही, उन्हें बाल संरक्षण कानून की महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। समापन दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी में छात्रों की रचनात्मक कृतियों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रधानाध्यापक श्रीमती अनुसूईया मलेया, सुनीता मरावी, लता सिंह एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर आशीष मिश्रा के मार्गदर्शन एवं कम्युनिटी यूथ लीडर पूर्णिमा श्याम के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## हरि सिंह चौहान बने भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के कोषाध्यक्ष



**अनूपपुर।** भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में हरिसिंह चौहान को कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने पर संभाग में हर्ष का माहौल है। हरि सिंह चौहान मध्यप्रदेश के वॉलीबॉल संघ में कई पदों पर रहे हैं,जिनके माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश की प्रतिभाएं पहुंची हैं। इस उपलब्धि पर जिला व्हालीबॉल संघ अनूपपुर के सदस्यों व खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री चौहान को हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं। संघ के पदाधिकारियों ने आशा जताई कि हरि सिंह चौहान के मार्गदर्शन में वॉलीबॉल खेल को नई दिशा और गति मिलेगी, और राष्ट्रीय स्तर पर जिले का गौरव बढ़ेगा।

# सभी समस्याओं की एक ही जगह होगी सुनवाई, नये रूप मे शुरू हुई जन सुनवाई

**कलेक्टर के नवाचार की लोग दे रहे बधाई, एक ही छत के नीचे जिले भर के अधिकारी रहेंगे उपस्थित 'जनकल्याणकारी प्रशासन' की परिकल्पना को नया आयाम**





जब शासन प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं को त्वरित गति से समय की बचत करते हुये संबंधित अधिकारी की मेज पर ही समस्याओं का तत्काल एवं प्रभावी समाधान तय हो जाये तब प्रशासन सिर्फ 'तंत्र' नहीं, बल्कि 'जनकल्याण' का जीवंत चेहरा बन जाता है। अनूपपुर ज़िले में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने ठीक यही किया है। उनकी दूरदर्शिता और संवेदनशील पहल ने जनसुनवाई की पारंपरिक परंपरा को बदलते हुए उसे दृश्य, श्रव्य, उत्तरदायी और पारदर्शी जनसंवाद में बदल दिया है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

शासन और जनता के बीच संवाद की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी जनसुनवाई को अब और अधिक प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने एक अभिनव पहल की है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में अनुभागवार जनसुनवाई व्यवस्था का शुभारंभ करते हुए उन्होंने एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है, जो प्रदेशभर के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। इस नई प्रणाली के अंतर्गत, जिला मुख्यालय पर सभी अनुभागों के अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों एवं राजस्व निरीक्षकों को एक ही परिसर में अनुभागवार डेस्क के रूप में संगठित किया गया। आमजन को अब अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि सभी अधिकारी एक स्थान पर उपलब्ध रहते हैं और नागरिक अपनी समस्या सीधे संबंधित अधिकारी को बता सकते हैं। जनसुनवाई स्थल पर मंगलवार का दिन प्रशासनिक सक्रियता और संवेदनशीलता का सजीव उदाहरण बना।

### कई मामलों का मौके पर ही किया समाधान

परिसर में सुव्यवस्थित डेस्क, अधिकारीगण की गंभीर उपस्थिति, दस्तावेजों के साथ पहुंचे ग्रामीण, महिलाओं की स्पष्ट आवाज़ में समस्याएं और अधिकारियों की गहन सुनवाई, पूरा माहौल जनसरोकार और सेवा भाव से ओतप्रोत था। कहीं वृद्ध अपनी जमीन से जुड़ी समस्या लेकर खड़ा था, तो कहीं एक महिला अधिकारी से विधवा पेंशन की अर्जी पर चर्चा कर रही थी। मंगलवार की जनसुनवाई में कुल 104 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। जिन प्रकरणों के लिए फील्ड जांच आवश्यक थी, उन्हें निर्धारित समयसीमा में निराकरण के निर्देश दिए गए।

### औपचारिकता नहीं, बल्कि वास्तविक समाधान का माध्यम बने जनसुनवाई

जनसुनवाई में स्वयं कलेक्टर पंचोली उपस्थित रहे और उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं अधिकारियों के साथ मिलकर गंभीरता से सुनीं। उनकी उपस्थिति न केवल प्रशासनिक भरोसे को मजबूत करती है, बल्कि यह दर्शाती है कि जिले का नेतृत्व सुनता है, समझता है और समाधान करता है। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की, एसडीएम जैतहरी श्रीमती अंजली द्विवेदी, एसडीएम पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि जनसुनवाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि वास्तविक समाधान का माध्यम बने।

### 'जनकल्याणकारी प्रशासन' की परिकल्पना को नया आयाम

यह पहल केवल एक प्रशासनिक प्रयोग नहीं, बल्कि जनसेवा की आत्मा को ज़मीनी रूप देना है। यह नवाचार लोकतंत्र के लोक सेवा संस्करण की मिसाल है, जहाँ अफसर अपनी कुर्सियों से उतरकर जनता के बीच बैठते हैं। हर्षल पंचोली की यह जनसमर्पित पहल निश्चित ही 'जनकल्याणकारी प्रशासन' की परिकल्पना को नया आयाम देती है और अनूपपुर को एक सुशासन मॉडल ज़िला के रूप में स्थापित करती है। इस तरह की व्यवस्थाएं न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देती हैं, बल्कि जनता और शासन के बीच की दूरी को पाटती भी हैं। कलेक्टर हर्षल पंचोली की यह सोच दर्शाती है कि अगर नेतृत्व इच्छाशक्ति से भरा हो, तो प्रशासन भी बदलाव की जनआंदोलन जैसी शक्ति बन सकता है।



## नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के संबंध में बैठक संपन्न

**अनूपपुर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग के द्वारा नशा मुक्त जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत संचालित गतिविधियों तथा 26 जून अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के रूपरेखा के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार मे बैठक संपन्न हुई जिसमें जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय के के सोनी ने अवगत कराया कि 8 से 14 जून तक कला शिल्प गतिविधियां श्रेणी में चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, 15 से 21 जून तक जन जागरूकता कार्यशाला, सेमिनार, वेबीनार, स्कूल एवं कॉलेज में आयोजित करने तथा स्वस्थ हो चुके उपयोगकर्ताओं के साथ कार्यशाला, 22 से 26 जून तक नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, वाहन रैली, नुक्कड़ नाटक आदि 22 से 26 जून तक डिजिटल सहभागिता के अंतर्गत शॉर्ट वीडियो एवं रील प्रतियोगिता व सोशल मीडिया अभियान हैशटैग, प्रश्नोत्तरी आदि जन जागरूकता कार्यक्रम तथा 26 जून को जिला स्तर पर नशा मुक्त भारत अभियान के बैनर अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय विभागों की भूमिका के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आपसी समन्वय से कार्यक्रम को संपन्न कराया जाएगा। बैठक में महिला बाल विकास, जनजाति कार्य, सर्व शिक्षा अभियान,जन अभियान परिषद शिक्षा ,आबकारी, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा, पिछड़ा वर्ग, आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**न समझाईश का असर, न कार्यवाही का डर**

# फुटपाथ पर अतिक्रमण से पैदल चलना भी मुश्किल

**नपा की सिर्फ बाजार उगाही में दिलचस्पी, बेतरतीब खड़े रहते वाहन**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





शहर के मुख्य बाजार में पैदल चलने वालों के लिए सड़क के दोनों ओर बनाए गये फुटपाथों पर दुकान संचालकों के द्वारा कब्जा कर अपनी दुकाने सड़क तक फैला लिये जाने से यहां दो पहिया, चार पहिया वाहनों की आवाजाही में दिक्कत होती है वही यहां से गुजरने वाले ट्रैफिक घंटो जाम में फंसे रहते हैं। अलावा इसके सब से दुखद पहलू तब सामने आता है जब बुधवारी बाजार के दिन नगर की भीड़ बाजार में जाम में फंस जाती है।

अतिक्रमण कर आगे तक दुकान बढ़ाने पर व्यापारियों को अनेक बार प्रशासन द्वारा समझाईश दी जा चुकी है तथा चालानी कार्यवाही भी की जा चुकी है, लेकिन व्यापारियों पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है। बुधवारी बाजार लगने से क्षेत्र के लोगों की भीड़ जमा हो जाती है। यह भीड़ जमा होने से यहां के रहवासियों का आना जाना मुश्किल होता है, लेकिन सड़क तक फैले अतिक्रमणों के कारण यातायात बुरी तरह से जाम हो जाता है। वहीं फुटपाथों पर दुकानदारों का कब्जा होने के कारण पैदल चलने वाले भी जाम में फंसे रहते हैं, उन्हें भी जाम से निकलने की जगह नहीं मिल पाती है।

सड़क पर ठेले वालों का कब्जा

ठेले पर सामान बेचने वाले फुटकर व्यापारी सड़क और फुटपाथों पर दुकानों को सजा लेते है, इसके साथ ही स्थानीय दुकान संचालक अपनी दुकाने सड़क तक सजा लेते हैं जिससे लोग घंटों जाम में फंसे रहते है। सड़क के किनारे व्यापारियों के ठेलों का जमघट सा लगा रहता है। सड़क पर खड़े वाहन और ठेले ट्रैफिक की समस्या को विकराल बना देते है।

### सड़क तक सजी दुकानों से होता यातायात जाम

दुकानदारों द्वारा फुटपाथों और सड़क तक किये गये अतिक्रमण के कारण सड़क बहुत सकरी हो जाती है, जिससे वाहनों को आने जाने के लिए बहुत कम जगह मिल पाती है, वहीं एक भी चार पहिया वाहन आ जाये तो बाकि वाहनों के लिए बिल्कुल जगह नहीं बचती है जिससे यातायात जाम हो जाता है। और सड़के सकरी हो जाने के कारण कई बार इस समस्या का सामना करना पड़ता है। नियमित निगरानी नहीं होने के कारण बेखौफ होकर अपनी दुकाने सड़क तक सजा लेते हैं।

### बुधवारी बाजार के दिन चलना मुश्किल

सबसे ज्यादा तकलीफदेह स्थिति नगर के बुधवारी बाजार के दिन लोगों को होती है जहां स्थानीय सहित बाहर से आये व्यापारियों द्वारा सड़कों फुटपाथों पर दुकान सजा लेने से होती है। यातायात प्रभावित होता है वहीं पैदल चलना तब कठिन हो जाता है जब दोनों ओर से चार व दोपहिया वाहन आते-जाते है।

### बेतरतीब खड़े रहते वाहन

ऐसी स्थिति में बुधवारी बाजार में वाहनों के लिए पार्किंग करने की कोई व्यवस्था नहीं रहती है। जिसके कारण लोग यहां-वहां अपने वाहन खड़ा करते है जिससे भी परेशानी उभरकर सामने आती है इस ओर कई बार प्रशासनिक कार्यवाही की गई परन्तु हालत जस के तस बने है।

### बाजार उगाही में रहती तेजी

व्यवस्था बनाने की जगह नपा अपने ठेकेदार के माध्यम से बुधवारी बाजार के दिन बाजार बैठकी भर वसूलने का काम जोरों से करती है जबकि व्यवस्था बनाने की बात की जाये तो इनके पास सिर्फ एक ही जबाव रहता है कि हम दिखवाएगें। इतना ही नही फुटपाथ में बाजार लगा लेने वालों के अलावा नगर के आवारा मवेशियों का जमघट पजगह-जगह लगा रहता है। एक तरफ पैदल चलना मुश्किल होता है तो दूसरी तरफ इनकी परेशानी।

# पर्यावरण एवं धरती को बचाने के लिए पौधे लगाना आवश्यक

**संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज के निर्माणाधीन परिसर में किया गया पौधरोपण**



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पहल शुक्रवार 9 मई को देखने को मिली, जहां राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद अनूपपुर एवं संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज अनूपपुर के तत्वाधान में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज बरबसपुर के निर्माणाधीन नवीन भवन में किया गया। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि इसमें जिले के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय और अतिरिक्तं पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी ने स्वयं भाग लिया और अपने हाथों से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों सहित संकल्प कॉलेज के संचालक, स्टॉफ सहित छात्र-छात्राओं ने लगभग 55 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में श्रमजीवी पत्रकार परिषद के पदाधिकारियों, सदस्यों सहित संकल्प कॉलेज के संचालक, प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए संदेश दिया कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह धरती को हरा-भरा रखने में योगदान दे। अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने कहा, एक पौधा लगाने का मतलब है एक जीवन को संजीवनी देना। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देने का काम करते हैं, वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी ने भी युवाओं सहित छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा, आज का वृक्षारोपण कल की पीढ़ी के लिए संजीवनी बनेगा। हम सभी को मिलकर इसे आंदोलन बनाना होगा। संभागीय अध्यक्ष शहडोल चैतन्य मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन पर्यावरण और सामाजिक जिम्मेदारी के क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जो जिले में हरित क्रांति की ओर एक और ठोस कदम है। परिषद के जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह वृक्षारोपण कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि यह प्रशासन, मीडिया, शिक्षा जगत और समाज के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज के संचालक अंकित शुक्ला ने बताया कि परिसर को हरियाली युक्त बनाने के लिए भविष्य में भी निरंतर पौधारोपण की योजना है। अंकित शुक्ला ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के लिए केवल पौधे लगाने का अवसर नहीं, बल्कि प्रकृति से जुड़ने, जिम्मेदारी समझने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक कदम उठाने का सशक्त मंच बना।

**गांव- गांव, वार्ड- वार्ड लगाए जा रहे आधार अपडेशन कैम्प**

# आधार कैम्प सुविधा का नागरिक उठाएं लाभ



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकायों के वार्डो तथा ग्राम पंचायतो में विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लिए जाने हेतु नागरिकों के आधार कार्ड में आवश्यक सुधार व नए आधार कार्ड बनाए जाने हेतु ग्राम पंचायत व वार्डवार आधार कैम्प का आयोजन सोमवार 2 जून से प्रातः 10 से शायं 6 तक प्रतिदिन अलग-अलग वार्ड व ग्राम पंचायत में किया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार को जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत अमलई, जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत कटकोना, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगराटोला, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत करौंदापानी, नगर परिषद अमरकंटक, जैतहरी, डोला, बनगवॉ (राजनगर), नगरपालिका अनूपपुर, बिजुरी के वार्ड नं. 12, नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 02, नगरपालिका पसान के वार्ड नं. 03, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के दीनदयाल उपाध्याय वार्ड नं. 10 में आधार कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 16 नागरिकों के नए आधार कार्ड बनाए गए तथा 202 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य किए गए।

### 11 जून को जिले के इन नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगेंगे शिविर

जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मलगा, जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत गोहन्ड्रा, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरा में, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बहपुर तथा नगर परिषद बनगवॉ (राजनगर), नगर परिषद अमरकंटक, नगर परिषद डोला, नगर परिषद बरगवां (अमलाई), नगरपालिका बिजुरी, नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 13 में, नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 03, नगरपालिका पसान के वार्ड नम्बर 04, नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड 12 में 11 जून को आधार कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के नागरिकों से आधार बनवाने एवं सुधार कार्य का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं सहाना खातून आयु 56 वर्ष पति स्व. असरार अहमद सिद्धीकी निवासी- वार्ड नं.- हाउस नं.-64 राजनगर, जिला-अनूपपुर म.प्र., की हूँ। मैं शपथपूर्वक कथन करती हूँ, मैं उपरोक्त पते की निवासी हूँ। तथा मेरा आधार कार्ड नं.-746796259038 है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम- सहाना खातून (SAHANA KHATUN) पति स्व. असरार अहमद सिद्धीकी (ASRAR AHAMAD SIDDIQUI) दर्ज है। जो कि सही एवं सत्य है । मेरे नाम से बना हुआ पासपोर्ट जिसका पासपोर्ट नं.- S8698102 है, जिसमें अंग्रेजी मे मेरा नाम - (SAHANA SIDDIQUI) दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, जिसे सुधार किया जाकर मेरे आधार कार्ड के मुताबिक मेरा सही नाम- सहाना खातून (SAHANA KHATUN) दर्ज किया जाकर दूसरा पासपोर्ट प्रदान करवाये जाने बावत यह शपथ-पत्र प्रमाणित कराकर प्रस्तुत कर रही हूँ जो कि सही एवं सत्य है।

शपथकर्ता